नई दिल्ली, सोमवार, 4 मार्च 2019
जागरण सिटी
दैनिक जागरण
पश्चिमी दिल्ली
www.jagran.com
वाहन चोरी के खिलाफ हो रही कार्रवाइ: गौरव शर्मा IV

युवाओं को नौकरी के लिए कंपनियों ने किया चिह्नित

स्किल इंडिया के तहत द्वारका सेक्टर-2 स्थित भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ अप्लाइड साइंसेस में रोजगार मेले का आयोजन

द्वारका सेक्टर-2 स्थित भास्कराचार्य कालेज मे आयोजित रोजगार मेला मे आवेदक को जॉब का ऑफर लेटर देते सांसद रमेश बिधूड़ी •

जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली : बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के उद्देश्य से स्किल इंडिया के तहत द्वारका सेक्टर-2 स्थित भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ अप्लाइड साइंसेस में रविवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सांसद रमेश बिधूड़ी ने किया।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में पावर, रिटेल, टेलीकॉम, बैंकिंग व फाइनेंस, आइटी-आइटीईएस, सिक्योरिटी, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, डोमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, हेल्थकेयर आदि विभिन्न सेक्टरों से आई 84 कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान करीब तीन हजार युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन दिए, जिसमें से एक हजार उम्मीदवारों को विभिन्न कंपनियों ने उनकी योग्यता अनुसार चिह्नित किया। रोजगार मेले में भास्कराचार्य कॉलेज की प्लेसमेंट सेल का भी पूरा सहयोग मिला। कॉलेज के भी कई छात्रों ने नौकरी के लिए आवेदन दिया।

इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली व पश्चिमी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी व प्रवेश वर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि एक समय व एक मंच पर इतनी सारी कंपनियों को एक साथ लाना ही सबसे बड़ी चुनौती थी। रोजगार मेले के माध्यम से नौकरी ढूंढने वाले युवाओं को भावी नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मिला। साथ ही उन्हें उद्यमिता सहित रोजगार के अवसरों के बारे में जानने का मौका मिला।

युवाओं के कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली छात्रों को किताबी ज्ञान तो देती है, लेकिन उन्हें सक्षम नहीं बनाती। एक प्रभावी, आत्मनिर्भर एवं सक्षम कार्यबल के निर्माण के लिए उन्हें सही प्रशिक्षण देना जरूरी है।

युवाओं के लिए कौशल विकास के महत्व को समझते हुए सरकार व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर दे रही है, जिससे युवाओं को आजीविका के उचित साधन उपलब्ध होंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इससे पूर्व राजा गार्डन स्थित शिवाजी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में 3100 युवाओं ने आवेदन दिया था।

इंटरव्यू के बाद नौकरी मिलने की प्रक्रिया थोड़ी लंबी होती है। हालांकि उम्मीद है कि चिह्नित किए गए सभी युवाओं को नौकरी अवश्य मिलेगी।

मै यहां रिटेल सेक्टर मे जॉब की तलाश में आई हूं। तीन कंपनियों मे इंटरव्यू दिया है, अब देखती हूं कहां बात बनती है। हालांकि तीनों ही कंपनियां अच्छी हैं और सैलरी पैकेज भी ठीक है। खासकर जो लोग शुरुआत कर रहे हैं, उनके लिए सैलरी से ज्यादा अनुभव मायने रखता है। **काजल**, प्रहलादपुर

आज युवाओं के पास डिग्री तो है, लेकिन अनुभव व नौकरी की तलाश मे उन्हें जगह-जगह भटकना पड़ रहा है। मै यहां रिटेल सेक्टर मे नौकरी तलाश रही हूं। कॉलेज के माध्यम से ही मुझे इस मेले की जानकारी मिली और यहां पूर्ण व्यवस्था है।

रश्मि, दक्षिणपुरी

मैं यहां काफी उम्मीद के साथ आई हूं। इंटरव्यू देते समय मन मे काफी डर था, लेकिन मैंने अपना बेहतर देने की कोशिश की है। अब रिजल्ट का इंतजार है। मेरे जैसे यहां कई लोग उम्मीदों के साथ आए हैं, यदि आज सबको रोजगार मिलता है तो हम सब देश के विकास मे बेहतरीन योगदान देंगे। **सीमा**, द्वारका

मेरे पिता दुकान चलाते हैं और मैं उनकी मदद करता हूं। कई कारणों के चलते मैं पढ़ाई नहीं कर पाया, लेकिन मैं अपने पैरों पर खड़ा होकर खुद को मजबूत साबित करना चाहता हूं। भले ही डिग्री नहीं है, पर अनुभव है। ऐसे में मुझे पूरी उम्मीद है कि मुझे यहां नौकरी जरूर मिलेगी। **मो. मिराज**, द्वारका

मै यहां तीन कंपनियों मे इंटरव्यू दे चुका हूं, लेकिन बात सैलरी पर अटक गई है। कोई कंपनी 12 हजार का ऑफर दे रही है तो कोई 18 हजार का। मेरे पास दो साल का अनुभव भी है। हालांकि विभिन्न कंपनियों से आए लोगों ने अब दूसरे इंटरव्यू के लिए कंपनी में बुलाया है।
अभिषेक, पालम